2

शीशी में आंसू

(मत्ती 5:4)

मत्ती 5 अध्याय में हर धन्य वचन का आरम्भ ''धन्य'' से होता है जिसका अनुवाद संसार की परिभाषा की तरह ''प्रसन्न'' शब्द से किया जाए तो ''प्रसन्न'' हो सकता है। मत्ती 5:3-12 के आठ वाक्यों में हमें बाहरी परिस्थितियों के बावजूद सच्ची खुशी के लिए परमेश्वर की लिखी पर्ची मिलती है। इस के लिए मेरा शब्द है ''अतिरिक्त खुशी।''

हम ने देखा है कि हर धन्य वचन उसके विपरीत है जिसे संसार मानता है। पौलुस ने लिखा कि ''परमेश्वर की मूर्खता मनुष्यों के ज्ञान से ज्ञानवान है'' (1 कुरिन्थियों 1:25)। यानी जो बात सांसारिक सोच से मूर्खता लगती है, जैसे कि धन्य वचन, वास्तव में वह ईश्वरीय बद्धि का स्तम्भ है। धन्य वचनों और उनमें शामिल सब बातों को अपनाने वाले इस बात की गवाही दे सकते हैं कि उनका परिणाम अतिरिक्त खुशी ही होता है।

इस पाठ में हम दूसरे धन्य वचन यानी ''धन्य हैं वे जो शोक करते हैं क्योंकि वे शान्ति पाएंगे'' (मत्ती 5:4)। का अध्ययन करेंगे। ये धन्य वचन स्पष्ट रूप में मानवीय बुद्धि के विपरीत हैं। वास्तव में हम ''धन्य'' शब्द की जगह ''प्रसन्न'' शब्द लगा दें तो यह विरोधाभासी प्रतीत होता है: ''*प्रसन्न* हैं वे जो *शोक* करते हैं।'' मानवीय बुद्धि शोक करने और उदासी को कम करके देखती है। रोना किसे पसन्द है? हम हंसाने के लिए प्रहसन अभिनेताओं को पैसे देते हैं। अधिकतर लोग एल वीलर विल्कोक्स की इस भावुक अभिव्यक्ति से सहमत होंगे:

हंसो, तो जग तुम्हारे साथ हंसेगा;
रोओ, तो तुम्हें अकेले रोना पड़ेगा,
क्योंकि उदास बूढ़ी पृथ्वी को प्रसन्नता उधार चाहिए,
पर इसकी अपनी परेशानी बहुत है।[1]

तौभी यीशु ने कहा, ''धन्य हैं वे जो शोक करते हैं।''''जो शोक करते हैं''[2] शब्द *pentheo* से लिया गया है जिसका अर्थ है ''के लिए शोक, विलाप करना।''[3] प्राचीन यूनानी भाषा में शोक करने के लिए, अत्यधिक शोक को दर्शाते हुए सबसे चौंकाने वाले शब्दों में से एक'' है।[4] इसका ''आम इस्तेमाल मृतक के लिए शोक करने के लिए किया जाता था।''[5] पुराने नियम के यूनानी अनुवाद (LXX) में इस शब्द का इस्तेमाल याकूब के शोक करने के विवरण के लिए किया गया जब उसे लगा कि यूसुफ़ मर गया (देखें उत्पत्ति 37:34)। इसका इस्तेमाल दाऊद के शोक के वर्णन के लिए किया गया, जब उसके पुत्र अबशालोम की मृत्यु हो गई (देखें 2 शमूएल 19:2)।[6]

अत्यन्त शोक करने को सच्ची खुशी के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है? मुझे उम्मीद है कि इस पाठ के पूरा होने से पहले आपको यीशु की बात में स्वर्गीय बुद्धि दिखाई दे जाएगी। और यह

कि इसके नियम किस प्रकार आपकी खुशी में योगदान दे सकते हैं।

''धन्य हैं वे जो शोक करते हैं ...।''

वे शोक करने वाले जो शान्ति *नहीं* पाएंगे

पिछले पाठ की तरह इसका अर्थ हम नकारात्मक से यानी उससे करेंगे, जो यीशु ने *नहीं* कहा। पहले तो यीशु ने यह नहीं चाहा कि लोगों को आशीष केवल इसलिए मिले कि वे रोते हैं। चिल्लाने के कार्य में कोई विशेष बात नहीं है। बाइबल आम तौर पर ज़ोर देती है कि परमेश्वर चाहता है कि लोग खुश हों। नीतिवचन 17:22 में पढ़ते हैं, ''मन का आनन्द अच्छी औषधि है।'' पौलुस ने लिखा, ''प्रभु में सदा आनन्दित रहो; मैं फिर कहता हूं कि आनन्दित रहो!'' (फिलिप्पियों 4:4)।

इसके अलावा बाइबल पक्का सिखाती है कि कुछ शोक करने वालों को *शान्ति* नहीं मिलेगी।[7] उदाहरण के लिए पौलुस ने कहा, ''संसारी शोक मृत्यु उत्पन्न करता है'' (2 कुरिन्थियों 7:10ख)। यह शोक किसी के कार्यों के *परिणाम* के कारण के साथ-साथ कार्य के लिए शोक का न होना या कम शोक करना है। इस विचार को उस छात्र के द्वारा समझाया जा सकता है जिसे परीक्षा में कम अंक मिलते हैं क्योंकि उसने पढ़ा नहीं। यीशु ने यह वचन नहीं दिया कि फेल हो जाने वाले आलसी छात्र ''शोक करें'' तो वे धन्य होंगे और उन्हें शान्ति मिलेगी।

पाप से जुड़े सांसारिक शोक के ढेरों उदाहरण हैं। उस शराबी पर ध्यान करें, जो सिरदर्द होने और अपनी नौकरी और परिवार छूट जाने पर शोक करता है, पर अपनी जीवन शैली में कोई परिवर्तन नहीं लाता। मसीह को पकड़वाने के बाद यहूदा ''बहुत पछताया'' (मत्ती 27:3); पर मन फिराकर वह प्रभु की ओर वापस नहीं आया। यीशु ने उसके लिए कहा, ''... यदि उस मनुष्य का जन्म न होता, तो उसके लिए भला होता'' (26:24)। द्वितीय आगमन पर, पश्चात्ताप न करने वाले लोग चट्टानों और पहाड़ों को पुकार-पुकार कर कहेंगे ''हम पर गिर पड़ो; और हमें उसके मुंह से जो सिंहासन पर बैठा है, और मेमने के प्रकोप से छुड़ा लो'' (प्रकाशितवाक्य 6:16)। परन्तु प्रभु के वापस आने पर शान्ति की तलाश करने में बहुत देर हो चुकी होगी।

शोक करने वालों का एक और समूह है जिसे शान्ति नहीं मिलेगी। वे नये नियम में परमेश्वर के प्रकाशन को स्वीकार न करने के कारण धार्मिक शोक करने वाले हैं। इसका एक उदाहरण ''द वेलिंग वॉल'' के नाम से प्रसिद्ध दीवार यानी यरूशलेम की पश्चिमी दीवार पर इकट्ठा होने वाले यहूदी लोग हैं।[8] विशेष अवसरों पर यह स्तुतिमाला जपी जाती है:

अगुआ: महल के लिए जो वीरान पड़ा है:
प्रत्युत्तर: हम एकांत और शोक में बैठे हैं।
अगुआ: महल के लिए जो नष्ट हुआ है:
प्रत्युत्तर: हम एकांत में और शोक में बैठे हैं।
अगुआ: दीवारों के लिए जो गिर गई हैं:
प्रत्युत्तर: हम एकांत में और शोक में बैठे हैं।
अगुआ: अपनी शान के लिए जो छिन गई है:

प्रत्युत्तर: हम एकांत में और शोक में बैठे हैं।
अगुआ: अपने महान लोगों के लिए जो मुर्दा पड़े हैं:
प्रत्युत्तर: हम एकांत में और शोक में बैठे हैं।
अगुआ: बहुमूल्य पत्थरों के लिए जो जल गए हैं:
प्रत्युत्तर: हम एकांत में और शोक में बैठे हैं।[9]

यहूदी लोग इस्राएल की खोई हुई शान के कारण विलाप करते हैं और मसीहा और उसके राज्य के आने की प्रार्थना करते हैं, पर प्रतिज्ञा किए हुए मसीहा के रूप में यीशु को मानने से इनकार करते हैं। उनका शोक करना धन्य नहीं होगा।

परमेश्वर के ढंग को स्वीकार न करने वाले शोक करने वालों के सम्बन्ध में मेरा ध्यान अपने बचपन के ''शोक करने वाले का बैंच''[10] और उसके जैसे ही आधुनिक पापी की प्रार्थना पर जाता है। उस पुराने बैंच पर बहुत शोक किया गया, और बहुत से आंसू बहाए गए; परन्तु प्रभु ने हमें उसके पास इस प्रकार आने को नहीं कहा है। जब पौलुस अपने पापों पर शोक कर रहा था और प्रार्थना कर रहा था तो हनन्याह ने कहा, ''अब देर क्यों करता है? उठ और उसका नाम लेते हुए बपतिस्मा ले और अपने पापों को धो डाल'' (प्रेरितों 22:16)।

शोक करने वालों की एक अन्तिम श्रेणी पर विचार करते हैं, जो धन्य नहीं होंगे, यह समूह उनसे बहुत मिलता-जुलता है जिनकी बात पहले की जा चुकी है। यानी जो अपने पापों पर शोक करते हैं और उनका कुछ हल नहीं करते।

> दक्षिणी सेंट लूइस के एक अपहरणकर्त्ता को गोली लगने से अधरंग हो गया और वह अचानक बहुत ही धार्मिक बन गया। वह प्रार्थना करता, पढ़ता और प्रचारकों को बुलाता था। (एक प्रचारक ने उसे बताया कि यदि वह परमेश्वर से शान्ति पाना चाहता है तो वह एक महंगा हीरा कलीसिया को दे; पर प्रचारक उसे अपने साथ ले गया।) वह व्यक्ति चंगा हो गया और जल्द ही फिर से अपने गैर कानूनी काम में लग गया।[11]

दिखावटी शोक करने वाले को शान्ति नहीं मिलेगी। यीशु ने कहा, ''जो मुझे से प्रभु! हे प्रभु, कहता है, उनमें से हर एक स्वर्ग के राज्य में प्रवेश न करेगा, परन्तु वही जो मेरे स्वर्गीय पिता की इच्छा पर चलता है'' (मत्ती 7:21)। फिर यीशु ने कहा, ''जो पुत्र की नहीं मानता, वह जीवन को नहीं देखेगा, परन्तु परमेश्वर का क्रोध उस पर रहता है'' (यूहन्ना 3:36ख)।

शोक करने वाले, जिन्हें शान्ति दी जाएगी

अब सकारात्मक पर आते हैं। वे शोक करने वाले *कौन* हैं जो शान्ति पाएंगे? आयत स्वयं नहीं कहती। पर संदर्भ से संकेत मिलता है कि यीशु के मन में *आत्मिक* शोक करने यानी *आत्मिक* चिंता की बात थी। मत्ती 5:4 में मुख्य फोक्स आयत 3 वाले आत्मिक रूप से वचिंत होने पर शोक करने पर था।

> चौथी शताब्दी का धार्मिक अगुआ जॉन क्रिसोस्टोम अपने लेखों में से एक में कहता है कि धन्य वचन जिन से यीशु पहाड़ी उपदेश का आरम्भ करता है ''सोने की ज़ंजीर की

कड़ियों की तरह एक-दूसरे से जुड़ते हैं।'' ... यीशु ने अचानक से धन्य वचनों का समूह नहीं बनाया बल्कि उसने ईश्वरीय तर्क संगत क्रम में उन्हें लगाया। उन में से हर एक अपने से पहले आने वाले के साथ जुड़ता है।[12]

जेम्स टोले ने मत्ती 5:4 के शोक करने को ''आत्मा की निर्भरता की भावनात्मक अभिव्यक्ति'' नाम दिया है।[13] रोमियों 7 में पौलुस के शब्दों में हमें इस भावनात्मक अभिव्यक्ति का एक उदाहरण मिलता है: ''मैं कैसा अभागा मनुष्य हूं! मुझे इस मृत्यु की देह से कौन छुड़ाएगा?'' (आयत 24)। ऐसे शोक करने और 2 कुरिन्थियों 7 वाले ''परमेश्वर भक्ति का शोक'' में एक रिश्ता है। KJV में है ''क्योंकि परमेश्वर भक्ति का शोक ऐसे पश्चात्ताप के लिए काम करता है जिससे पछताना नहीं पड़ता ...'' (आयत 10)। NASB में है ''क्योंकि वह शोक जो परमेश्वर की इच्छा के अनुसार है खेद रहित मन फिराव उत्पन्न करता है, जो उद्धार का कारण बनता है ...।''

अपने ही पापों पर शोक करना हमारे लिए सामान्य अर्थ में पाप पर शोक करने का कारण भी होना चाहिए: संसार पर पाप के प्रभाव पर शोक करना,[14] दूसरों के जीवनों में पापों पर शोक करना जो उन्हें नरक में भेज देगा। ''धर्मी लूत को जो अधर्मियों के अशुद्ध चाल-चलन से बहुत दुखी था उनके अधर्म के कामों को देख देखकर हर दिन अपने सच्चे मन को पीड़ित करता था'' (2 पतरस 2:7, 8)। यीशु ने यरूशलेम नगर को देखा और कहा, ''हे यरूशलेम, हे यरूशलेम ...! कितनी ही बार मैं ने यह चाहा, कि जैसे मुर्गी अपने बच्चों को अपने पंखों के नीचे इकट्ठा करती है, वैसे ही मैं भी तेरे बालकों को इकट्ठे करूं, पर तुम ने यह न चाहा!'' (लूका 13:34)। आज्ञा न मानने वाले नगर को देखकर वह ''उस पर रोया'' (19:41)। अपने खोए हुए यहूदी भाइयों का विचार करने पर पौलुस ने कहा, ''मुझे बड़ा शोक है, और मेरा मन सदा दुखता रहता है। क्योंकि मैं यहां तक चाहता था, कि अपने भाइयों के लिए जो शरीर के भाव से मेरे कुटुम्बी हैं, आप ही मसीह से शापित हो जाता'' (रोमियों 9:2, 3)। जब खोए हुओं के लिए इम इतना अधिक शोक करते हैं तो यह हमें सुसमाचार लेकर उनके पास जाने को विवश कर देगा (देखें रोमियों 1:14, 16)।

मैदानी उपदेश में यीशु ने पहले इस धन्य वचन की सकारात्मक बात कही: ''धन्य हो तुम जो अब रोते हो, क्योंकि हंसोगे'' (लूका 6:21ख)। फिर उसने नकारात्मक बात बताई: ''हाय तुम पर; जो अब हंसते हो, क्योंकि शोक करोगे और रोओगे'' (लूका 6:25ख)। आयत 25 में यीशु सामान्य हंसी की बात नहीं कर रहा था, बल्कि उस हंसी की बात कर रहा था जिससे हमारा मन बहलावा नहीं होना चाहिए, विशेषकर वह जो पापपूर्ण है। पाप के बारे में हंसने वाली कोई बात नहीं है!

''... क्योंकि वे शान्ति पाएंगे।''

स्पष्ट विरोधाभास

शान्ति की आशीष पर ध्यान देने से पहले कुछ समय के लिए धन्य वचन पर स्पष्ट विरोधाभास की बात करते हैं: ''धन्य [प्रसन्न] हैं वे जो *शोक करते हैं* क्योंकि वे शान्ति पाएंगे।''

पहली बार सुनने पर यह अजीब लगता है पर प्रसन्नता का कोई भी फार्मूला इस तथ्य के ध्यान में रखना आवश्यक है कि अप्रसन्न समय आएंगे। जीवन हमें हरी-हरी चराइयों में से सदा नहीं ले जाता; कई बार हमें तराइयों और छाया का भी सामना करना पड़ता है। प्रसन्नता की कोई भी चर्चा जो इस सत्य को पहचानने में नाकाम रहती है अवास्तविक है और इस कारण उसका कोई महत्व नहीं।

आत्मिक शोक करने और प्रसन्नता में क्या सम्बन्ध हो सकता है? कुछ प्रारम्भिक सुझाव इस प्रकार हैं: (1) *व्यवहार अपने आप में प्रसन्नता में योगदान दे सकता है।* धन्य वचनों की प्रगतिशील प्रगति पर विचार करें। जब हम अपने आत्मिक खालीपन को समझ पाते हैं (पहला धन्य वचन) तो अपनी आत्मिक आवश्यकताओं पर शोकित होना स्वभाविक होता (दूसरा धन्य वचन।) पहला धन्य वचन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि हमें अपने ऊपर नहीं बल्कि परमेश्वर पर निर्भर रहना आवश्यक है, जबकि दूसरा धन्य वचन पहला कदम है। पापों पर शोक करना पश्चात्तापी मन उत्पन्न करता है जो आज्ञापालन और क्षमा पाने की ओर ले जाता है। 2 कुरिन्थियों 7:10 को फिर से देखें: ''क्योंकि परमेश्वर भक्ति का शोक ऐसा पश्चात्ताप उत्पन्न करता है जिसका परिणाम उद्धार है'' (आयत 10क)। जितने ही हम प्रभु के निकट होंगे उतना ही हमें प्रसन्न होना चाहिए।

(2) *याद रखें कि आत्मिक शोक करने के लिए मूल्यों की सही समझ होना आवश्यक है।* यदि हमारी प्राथमिकताएं सही हैं, तो हम उन बातों पर जो वास्तव में अनावश्यक हैं अप्रसन्न या नाखुश नहीं होंगे। (3) *याद रखें कि धन्य वचन में जोर इस बात पर है कि सच्ची और सदा तक रहने वाली खुशी धन्य वचन की प्रतिज्ञा से मिलती है यानी हम शोक करने पर भी प्रसन्न हो सकते हैं क्योंकि परमेश्वर ने हम शान्ति का वायदा किया है।*

बाइबल बताती है कि हमारा परमेश्वर शान्ति देने वाला परमेश्वर है: ''क्या हम फिर अपनी बड़ाई करने लगे? या हमें कितनों की नाईं सिफारिश की पत्रियां तुम्हारे पास लानी या तुम से लेनी हैं? हम मसीह के द्वारा परमेश्वर पर ऐसा ही भरोसा रखते हैं'' (2 कुरिन्थियों 1:3, 4क)।[15] यशायाह में हम पढ़ते हैं कि मसीहा दूसरों को शान्ति देने वालों में से एक होना था:

> ... यहोवाह ने सुसमाचार सुनाने के लिए
> मेरा अभिषेक किया है
> और मुझे इसलिए भेजा है कि खेदित मन के लोगों को शान्ति दूं ... ;
> और सियोन के विलाप करने वालों के
> सिर पर की राख दूर करके सुन्दर पगड़ी बांध लूं,
> कि उनका विलाप करके हर्ष का तेल लगाऊं (यशायाह 61:1-3; देखें लूका 4:16-21)।

भजन संहिता 56:8 में हमें एक अजीब वाक्यांश मिलता है, जिससे हमारे पाठ का शीर्षक लिखने में प्रेरणा मिली। दाऊद ने परमेश्वर से कहा: ''तू मेरे मारे मारे फिरने का हिसाब रखता है; तू मेरे आंसुओं को अपनी कुप्पी में रखता है।'' कुप्पियां या शीशियां या फ्लास्क दाऊद के समय में आम नहीं होते थे। वे कीमती होती थी जिस कारण उनमें केवल बहुमूल्य चीज़ें जैसे कीमती इत्र, कीमती दाखरस या बहुत नाजुक लेप के लिए ही रखे जाते थे। दाऊद परमेश्वर से

अपने आंसुओं को इतने महत्वपूर्ण मानने के लिए कह रहा था कि उन्हें उसकी शीशी में रख लिया जाए, जिससे वे कभी भूले न। मैंने सुना है कि कैसर यानी सीज़र कई बार अपने आंसुओं को इकट्ठा करके उन्हें छीशीं में रख लेते थे। ये शीशियां लेबल लगाकर प्रदर्शनी के लिए रखी जाती थीं। वे उन दुखद घटनाओं के सम्बन्ध में जो रोमी नागरिकों को प्रभावित करती थी कैसरों की सहानुभूति की गवाह होती थी।[16] आप और मैं सुनिश्चित हो सकते हैं कि परमेश्वर के लिए हमारे आंसू कीमती हैं और यह कि उन्हें बूंद बूंद करके उसके स्मरण की ''शीशी'' में जमा किया जाता है। वह उन्हें भूलेगा नहीं। उसे हमारा ध्यान है। वह हमें शान्ति *देगा*।

शान्ति की प्रतिज्ञा

यह हमें इस सवाल पर ले आता है कि ''वह शान्ति क्या है जिसकी प्रतिज्ञा की गई है?'' ''शान्ति पाएंगे'' शब्द *parakaleo* से लिया गया है जिसका अर्थ ''अपनी ओर बुलाना'' (*para* [''पास''] के साथ *kaleo* [''बुलाना'']) । इसका अर्थ समझाना, ताड़ना करना या प्रोत्साहित करना हो सकता है (देखें लूका 3:18; 1 कुरिन्थियों 1:10; इब्रानियों 10:25) । हमारे वचन पाठ में इसका अर्थ ''प्रभु का हमें शान्दित देने हमारी ओर आना'' है। इस शृंखला के आरिम्भ पाठ में मैंने सुझाव दिया था कि धन्य वचनों का आंशिक रूप में पूरा होना, और भविष्य में स्वर्ग में पूर्ण रूप में पूरा होना है। मेरा मानना है कि शोक करने वाले के लिए शान्ति की यीशु की प्रतिज्ञा सच्ची है।

(1) *इस जीवन में शान्ति।* इस जीवन में शान्ति के सम्बन्ध में, आत्मिक शोक करने वाले को कम से कम दो जगह से शान्ति मिली है। *पहले तो शान्ति परमेश्वर के वचन में मिलने वाली प्रतिज्ञाओं से मिलती है।* उदाहरण के लिए मैंने पहले ही बताया है कि अपनी आत्मिक स्थिति पर शोक करना व्यक्ति के मन फिराने का कारण बनेगा, जिसका परिणाम प्रभु का आज्ञापालन होगा, जिससे उस व्यक्ति के पिछले पाप क्षमा हो जाएंगे। पतरस ने गैर मसीही लोगों से कहा था, ''मन फिराओ, और तुम में से हर एक *अपने-अपने पापों की क्षमा के लिए* यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले; तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे'' (प्रेरितों 2:38) । मसीही लोगों के लिए जो पाप करते हैं, यूहन्ना ने लिखा कि ''यदि जैसा वह ज्योति में है, वैसे ही हम भी ज्योति में चलें, तो एक-दूसरे से सहभागिता रखते हैं; और *उसके पुत्र यीशु का लोहू हमें सब पापों से शुद्ध करता है*'' (1 यूहन्ना 1:7) । यह जानना बड़ी शान्ति देने वाला है कि हमारे सब पाप क्षमा हो चुके हैं। कूश देश का मंत्री बपतिस्मा लेने के बाद (प्रेरितों 8:26-39) ''आनन्द करता हुआ वह अपने मार्ग पर चला गया'' (आयत 39) ।

इसके अलावा मैंने सुझाव दिया है कि मत्ती 5:4 वाले शोक में पाप और इसके परिणामों पर सामान्य रूप में शोक करना शामिल है। ऐसा शोक करना हमें कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। ऐसा होने पर हमें वचन से फिर शान्ति पाने वाला आश्वासन मिलता है। भजन संहिता 126 में हम पढ़ते हैं, ''जो आंसू बहाते हुए बोते हैं, वे जय जयकार करते हुए लवने पाएंगे। चाहे बोने वाला बीज लेकर रोता हुआ चला जाए, परन्तु वह फिर पूलियां लिए जय-जयकार करता हुआ निश्चय लौट आएगा'' (आयतें 5, 6) । यह वचन लेखक के भरोसे की बात करता है कि परमेश्वर उन्हें इस्राएल देश में बसने की आशीष देगा, पर हमें यह उनका स्मरण दिलाता

है जो आज वचन के बीज को बोते हैं। मुझे आत्माओं को जीतने वाले उन विश्वासियों, विवेकी माता-पिता, बाइबल क्लास में पढ़ाने वालों, कलीसिया के अगुओं और अन्यों का स्मरण आता है जो सिखाते हैं। वे इस बात को समझते हैं कि उनके लिए जिन्हें वे सिखाने की कोशिश कर रहे हैं आंसुओं से बीज को पानी देने का क्या अर्थ है। यदि आप इन में से एक हैं और अपने काम के प्रति ईमानदार रहते हैं, तो जान लें कि अन्त में परमेश्वर फसल को बढ़ाएगा (1 कुरिन्थियों 3:6)। आप ''आनन्द के साथ चिल्लाते हुए पुकारेंगे''; आप अपने साथ फसल को काटते हुए, ''आनन्द की पुकार से आएंगे।''

इस जीवन में शान्ति के सम्बन्ध में, आत्मिक शोक करने वाले के लिए सामर्थ का एक और स्रोत परमेश्वर की उपाय करने वाली परवाह और रक्षा है।[17] पौलुस ने लिखा, ''और हम जानते हैं कि जो लोग परमेश्वर से प्रेम रखते हैं, उन के लिए सब बातें मिलकर भलाई ही उत्पन्न करती हैं; अर्थात उन्हीं के लिए जो उस की इच्छा के अनुसार बुलाए हुए हैं'' (रोमियों 8:28)। इब्रानियों 13 में हम पढ़ते हैं, ''क्योंकि उसने आप ही कहा है, मैं तुझे कभी न छोड़ूंगा, और न कभी तुझे त्यागूंगा'' (आयत 5)। यीशु ने कहा, ''देखो मैं जगत के अन्त तक सदैव तुम्हारे संग हूं'' (मत्ती 28:20)।

(2) *आने वाले जीवन में शान्ति।*[18] फिर मैं यह ज़ोर देना चाहता हूं कि शान्ति की प्रतिज्ञा पूर्ण और अन्तिम रूप में पूरी अगले जीवन में ही होगी। बहुत पहले दाऊद ने लिखा था, ''कदाचित रात को रोना पड़े, परन्तु सवेरे आनन्द पहुंचेगा'' (भजन संहिता 30:5)। KJV वाली मेरी बाइबल में ''आनन्द'' पर यह टिप्पणी है: ''इब्रा [नी] *गाना*।'' रोना पक्का आगंतुक नहीं है; यह केवल रात के लिए है, फिर चला जाएगा और उसके बाद गाना इसकी जगह ले लेगा। इस जीवन में रोने के बाद आनन्द, फिर रोना, फिर गाना और यह सिलसिला चलता ही रहेगा। केवल स्वर्ग में ही वह पक्का आनन्द हमारे मनों में मिलेगा।

लूका 16 में हमें धनवान और लाज़र की कहानी मिलती है। लाज़र को इस जीवन में चैन नहीं था (आयतें 20, 21, 25); परन्तु जब वह मर गया तो उसे स्वर्गदूतों ने अब्राहम की गोद में पहुंचा दिया (आयत 22)। अब्राहम तब उसके बारे में कह पाया, ''*अब* वह यहां शान्ति पा रहा है'' (आयत 25)। स्वर्ग में परमेश्वर ''... सब आंसू पोंछ डालेगा; और इसके बाद मृत्यु न रहेगी, न शोक, न विलाप, न पीड़ा रहेगी; ...'' (प्रकाशितवाक्य 21:4)।

सारांश

''धन्य हैं वे जो शोक करते हैं, क्योंकि वे शान्ति पाएंगे।'' पहली बात तो यह कि इस धन्य वचन का व्यक्तिगत आत्मिक वंचितता पर शोक करना आयत 3 में दिखाया गया है और, दूसरा सामान्य अर्थ में पाप और मनुष्य जाति पर इसके प्रभाव पर। इस आत्मिक शोक करने के कारण हमें इस जीवन में शान्ति मिलती है; परन्तु विशेषकर हमें आने वाले जीवन में शान्ति की प्रतिज्ञा दी गई है।

परमेश्वर को पाप और इसके परिणामों की बड़ी चिन्ता है। सवाल यह है कि आप और मैं चिन्तित हैं या नहीं। इफिसियों 4:19 में हम उन लोगों के विषय में पढ़ते हैं जो इतने कठोर हो गए हैं कि वे ''सब प्रकार के गंदे काम लालसा से'' करते थे। KJV उन लोगों की बात करता है

जिन्होंने ''अपने आप को लुचपन में दे दिया है।'' कितने दुख की बात है! मैं आपसे विनती करता हूं कि अपने आपको कठोर न होने दें, यानी अपनी आत्मिक आवश्यकताओं के बारे में ''बेचिन्त'' न हों। परमेश्वर को परवाह है। क्या आपको है? यदि आप अपनी आत्मिक आवश्यकताओं का शोक कर रहे हैं, तो प्रभु के पास आने का समय यही है।

टिप्पणियां

[1]द *होम बुक ऑफ वर्स* सातवां संस्क., (न्यू यॉर्क: हैनरी होल्ट एंड कं., 1945), 2929 में ऐला वीलर विल्कॉक्स, ''सालीच्यूड्स।'' [2]यूनानी धर्मशास्त्र में ''शोक करने [वाले]'' है। [3]डब्ल्यू. ई. वाइन, मैरिल एफ़. अंगर एंड विलियम व्हाइट, जूनि., *वाइन'स कम्लीट डिक्शनरी ऑफ ओल्ड एंड न्यू टैस्टामेंट वर्ड्स* (नैशविल्ले: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 418. [4]जेम्स एम. टोल्ले, *दि बीटीट्यूड्स* (दि फुलर्टन, कैलिफोर्निया: टोले पब्लिकेशंस, 1966), 28. [5]ज्योफ्री डब्ल्यू. ब्रोमिले, *थियोलॉजिकल डिक्शनरी ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट,* संपा. गरहर्ड किट्टल और गरहर्ड फ्रैडरिच; अनु. ज्योफ्री डब्ल्यू. ब्रोमिले, abr. (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1985), 825. [6]जॉन रिस्से, सदर्न हिल्स चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, अबिलेन, टैक्सस, 1990, कैसट में पहाड़ी उपदेश शृंखला पर दिया गया प्रवचन। [7]लेखक उन शोक करने वालों की अपनी सूची अलग-अलग बताते हैं जिन्हें परमेश्वर शन्ति नहीं देगा। कई लोग पक्के आशावादियों को मिलाते हैं, जो अपने शोक करने का दिखावा करते हैं (बाइबल के समयों में, अपने वस्त्र फाड़ना और सिर पर राख मल लेना), और नरक में शोक करने वाले (मत्ती 13:42)। [8]यरूशलेम में पुराने नगर के बीचों बीच पश्चिमी दीवार वह भाग है मन्दिर के पहाड़ वाली पश्चिमी सहारा देने वाली दीवार है जो 70 ईस्वी के विनाश के समय से ज्यों की त्यों है। यह मन्दिर में परम पवित्र स्थान के पश्चिमी दीवार की ओर होने के कारण यहूदी मत में सबसे पवित्र स्थान बन गया। यह मन्दिर के विनाश पर शोक करने और इस्राएल की पहली शान को बहाल करने के लिए प्रार्थना का स्थान है। (''दि वेस्टर्न वॉल'' [http://mosaic.lk.net/g-wall.html; इंटरनेट; 24 अप्रैल 2008 को देखा गया]।) [9]''यरूशलेम'' (http://www.lifeintheholyland.com/wailing_wall_1800s.htm; इंटरनेट; 24 अप्रैल 2008 को देखा गया)। [10]यह बिल्डिंग के आगे आम बैंच था, जिसमें एक डिनोमिनेशन के लोग मिलते थे। पापी लोग वहां दोगुने होते और परमेश्वर से उन्हें क्षमा करने और स्वीकार करने के लिए प्रार्थना करते। यह शोक करना ज़ोर-ज़ोर से और देर तक होता था।

[11]ह्यूगो मेकोर्ड, *हैप्पीनेस गारंटिड* (मरफ्रीस्बोरो, टेनिसी: डिहॉफ पब्लिकेशंस, 1956), 20. [12]जो सुबर्ट, ''हैप्पी मॉरनर्स,'' *रिसोर्सिस* 2 (1981): 8. [13]टोल्ले, 30. [14]एक उदाहरण यिर्मयाह होगा जो ''रोने वाले नबी'' के रूप में प्रसिद्ध। वह अपने देश पर पाप के प्रभाव के कारण रोया (यिर्मयाह 9:1, 18; 13:17; 14:17)। विलापगीत की पुस्तक में वह इसलिए रोया क्योंकि यरूशलेम इस्राएल के पापों के कारण नष्ट कर दिया गया था। [15]परमेश्वर के अपने बच्चों को शान्ति देने के एक उदाहरण के रूप में, पढ़ें 2 राजाओं 20:5, 6. [16]यह सुनकर मेरे दिमाग में एक पुरानी फिल्म *क्रुओ वादिस* का एक दृश्य आया जिसमें पीटर उस्तिनोव ने नीरो की भूमिका निभाई थी। नीरो ने गुप्त रूप से एक मित्र की हत्या का आदेश दे दिया, पर वह लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहता था कि वह उस मृत्यु से दुखी है। उस दृश्य में उस्तिनोव को एक शीशी पकड़े, कठोरता से एक आंख के पास अपने गाल पर दबाते हुए, शीशी में डालने के लिए एक आंसू निचोड़ने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है। (*क्रुओ वादिस,* निर्माता सैम ज़िम्बालिस्ट, निर्देशक मरविन लिरॉय और एंथनी मैन, मैट्रो-गोल्डविन-मेयर [MGM], 1951.) [17]आपको चाहिए कि अपने लोगों की सम्भाल और रक्षा के लिए परमेश्वर के उपाय के बारे में और बताएं। [18]यह एक और भाग है जिसे आप विस्तार देना चाह सकते हैं।